सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 17.08.2024

मात्र 12 घण्टे के अन्दर इटावा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 01 शातिर चोर को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी की गयी 01 पल्सर मोटरसाइकिल की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में **थाना भरथना पुलिस** द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 16.08.2024 को वादी रवीन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह निवासी कृष्णा नगर भरथना द्वारा थाना भरथना पर तहरीरी सूचना दी कि दिनांक 15.08.2024 की रात्रि समय करीब 08.00 बजे वादी द्वारा अपनी **पल्सर मोटरसाइकिल** घर के सामने टीन के नीचे खडी की गयी थी , जिसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। तहरीर के आधार पर थाना भरथना पर **मु0अ0सं0 216/24 धारा 303(2) बीएनएस** पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी की घटनाओं के शीघ्र अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे आज दिनांक 17.08.2024 को थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना के आधार पर मोटरसाइकिल चोरी की घटना कारित करने वाले **अभियुक्त ईशू उर्फ निश्चय पुत्र स्व0 आनन्द प्रकाश पोरवाल** को **चोरी की पल्सर मोटरसाइकिल सहित इटावा – भरथना रोड से नगला गुदे की तरफ कुछ दूरी पर समय 10.56 बजे गिरफ्तार किया गया ।**

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध मे थाना भरथना पर पंजीकृत मु0अ0सं0 216/2024 धारा 303(2) बीएनएस मे धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. **ईशू उर्फ निश्चय पुत्र स्व0 आनन्द प्रकाश पोरवाल निवासी हाल पता बालूगंज कस्बा व थाना भरथना जनपद इटावा मूल निवासी समाजवादी पार्टी कार्यालय के सामने कस्बा व थाना बसरेहर जनपद इटावा उम्र करीब 20 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोग-

मु0अ0सं0 216/2024 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना सिविल लाइन जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. **01 पल्सर मो0सा0 न0 UP 75 V 5595।**

पुलिस टीम- निरी0 श्री देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना मय टीम।